संख्या– 2311 /63–व0उ0–2010–312(एच)/90

प्रेषक,

सुरेन्द्र कुमार,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा वस्त्रोद्योग अनुभाग — लखनऊ : दिनांक 28 जनवरी, 2011

विषयः– भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चौकाघाट, वाराणसी के त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स के प्रशिक्षार्थियों के लिए वित्तीय वर्ष 2010–11 में देय छात्रवृत्ति की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–374/ह0क0–सह0अनु0/2010–11, दिनांक 27.12.2010 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 में हथकरघा क्षेत्र के प्रशिक्षार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु रू0 1,35,000/– (रूपये एक लाख पैंतिस हजार मात्र) की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उक्त स्वीकृत धनराशि वित्तीय वर्ष 2010–11 में निदेशक, आई0आई0एच0टी0, चौकाघाट, वाराणसी को संस्थान के छात्रों को देय छात्रवृत्ति के लिए देय होगी।

3– उक्त व्यय वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी0–1–951/दस–2010–231/10, दिनांक 26 मार्च,2010 एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरतने के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों में निहित निर्देशों का अनुपालन किया जाय तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र बी0एम0–13 में सचिव, वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–6 व शासन तथा महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद को निर्धारित समयान्तर्गत अवश्य उपलब्ध करा दिये जायें।

4– प्रस्तर–1 में स्वीकृत की जा रही धनराशि रू0 1,35,000/– (रूपये एक लाख पैंतिस हजार मात्र) का वर्तमान वित्तीय वर्ष 2010–11 के आय–व्ययक की अनुदान सं0–6 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक–2851 ग्राम तथा लघु उद्योग–103 हथकरघा उद्योग–आयोजनेतर–05 हथकरघा क्षेत्र के प्रशिक्षार्थियों को सहायता–21 छात्रवृत्तियाँ और छात्र वेतन के अन्तर्गत व्यवस्थित धनराशि के नामें डाला जायेगा।

5– यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 संख्या–ई0–6–35/दस–2010, दिनांक 25 जनवरी, 2011 में प्राप्त उनकी संहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार)
अनु सचिव।

संख्या– 2319 (1)/63–व0उ0–2010, तद्दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2– वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।

3– निदेशक, वित्तीय एवं सॉख्यकीय निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।

4– निदेशक, भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चौकाघाट, वाराणसी।

5– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–6/वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1

6– गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से,

(सुरेन्द्र कुमार)
अनु सचिव।